# गौतमबुद्ध नगर में लगेगी हल्दीराम की नई इकाई

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ:** हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड गौतम बुद्ध नगर में 662 करोड़ रुपये की लागत से लिफाफा बंद खाद्य पदार्थों को तैयार करने की इकाई स्थापित करेगी। कंपनी की ओर से प्रस्तावित निवेश के दृष्टिगत मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस संदर्भ में उसे लेटर आफ कंफर्ट (एलओसी) जारी करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। साथ ही, पांच अन्य कंपनियों को भी उनके द्वारा किए जा रहे निवेश को लेकर 104.90 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई है।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि हल्दीराम ने गौतम बुद्ध नगर में लिफाफा बंद खाद्य पदार्थों को तैयार करने के लिए इकाई की स्थापना का प्रस्ताव दिया था। इसे स्वीकृत किया गया है। वहीं कैबिनेट ने 11 फरवरी को हुई इम्पावर्ड समिति की बैठक में स्वीकृत किए गए पांच अन्य प्रस्तावों पर भी मुहर लगाई है। इनमें बाराबंकी में स्थापित एसएलएमजी बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड को उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत 38,73,01,888 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुजफ्फरनगर में स्थापित सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड को 1,88,99,905 रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन, अमेठी स्थित मेसर्स एसीसी लिमिटेड को 17,28,07,828 रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन, अलीगढ़ की मेसर्स वंडर सीमेंट लिमिटेड को 38,32,30,659 रुपये की वित्तीय प्रोत्साहन राशि को लेकर एलओसी जारी करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। हापुड़ की मून बेवरेज को 8,68,31,672 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने के लिए एलओसी जारी करने की मंजूरी दी गई है। सोनभद्र की मेसर्स एसीसी लिमिटेड को वित्तीय प्रोत्साहन के लिए एलओसी जारी करने के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया है।

**662** करोड़ के निवेश से तैयार होंगे लिफाफा बंद खाद्य पदार्थ

**5** अन्य कंपनियों को भी वित्तीय प्रोत्साहन के लिए एलओसी जारी करने की स्वीकृति

## एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डाटा सेंटर को 59.35 करोड़

नोएडा में स्थित एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डाटा सेंटर को 'उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति-2021' के तहत सरकार 59.35 करोड़ रुपये के बिजली के बिल का भुगतान करेगी। डाटा सेंटर को दो अलग-अलग ग्रिड से बिजली का कनेक्शन दिया जाता है। दो ग्रिड में से जिसका भी बिल कम आता हो, सरकार उसका वहन करती है।